दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर प्रधानाचार्यों के साथ की वर्चुअल बैठक

नई दिल्ली.ओपन सर्च

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर गुरुवार को दिल्ली सरकार के स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक सशक्तीकरण और स्कूलों में बेहतर सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और प्रधानाचार्यों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित इस इस महत्वपूर्ण बैठक में दिल्ली के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद, शिक्षा निदेशक सुश्री वेदिता रेड्डी व शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी बेटियां स्कूल में पढ़ती हैं और वे प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया से गुजरती हैं, तब शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की भूमिका केवल प्रशासक की नहीं बल्कि अभिभावक की भी होती है।

इन विशेष दिनों में कई बेटियां असहज महसूस करती हैं, स्कूल नहीं आ पातीं और उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता। ऐसे समय में उन्हें अपनापन, विश्वास और संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानाचार्यों से कहा कि छात्राओं को यह समझाया जाए कि मासिक धर्म सामान्य प्रक्रिया है और इसे लेकर किसी प्रकार का डर या संकोच नहीं होना चाहिए। स्कूलों में ऐसा वातावरण बनाया जाए जहां वे खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें और उन्हें मानसिक दबाव से बाहर निकालने में मदद मिले। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्कूलों के टॉयलेट ब्लॉकों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें शिकायतें मिली हैं कि कुछ स्कूलों के शौचालय ठीक स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के टॉयलेट ब्लॉक साफ-सुथरे हों, दरवाजों में किसी प्रकार की टूट-फूट न हो और आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। इसके लिए स्कूल फंड का उपयोग करने अथवा इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से भी बात की जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मेंस्ट्रुअल हेल्थ मैटर्स' अभियान के अंतर्गत कई बड़े और महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों की घोषणा की।

- स्कूलों में स्वच्छ टॉयलेट, मेडिकल रूम और वेंडिंग मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

- बेटियों को सुरक्षित, संवेदनशील और आत्मविश्वासपूर्ण वातावरण देने पर मुख्यमंत्री का जोर

इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों, सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक शौचालयों और आरोग्य मंदिरों में लगी सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन्स की नियमित मेंटेनेंस और टाइमली रीफिल सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की जाएगी। अब इस पूरी व्यवस्था को सेंट्रलाइज्ड किया जा रहा है ताकि दिल्ली की प्रत्येक बच्ची तक बेस्ट क्वालिटी बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड्स की पहुंच सुनिश्चित हो सके। अब सरकार पूरी तरह से सेफ, हाइजीनिक और क्वॉलिटी-टेस्टेड सैनेटरी प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगी। साथ ही, आशा और आंगनवाड़ी वर्कर्स के माध्यम से पूरी दिल्ली में बड़े स्तर पर अवेयरनेस प्रोग्राम्स चलाए जाएंगे ताकि मेंस्ट्रुअल हेल्थ से जुड़ी सही जानकारी समाज के हर घर तक पहुंच सके। स्कूली स्तर पर इस जागरूकता को और पुख्ता करने के लिए कक्षा 6 से 9 तक के पाठ्यक्रम में मेंस्ट्रुअल हेल्थ एजुकेशन को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि बच्चियों को पीरियड्स के अलावा पीसीओएस, एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर, मेनोपॉज और एचपीवी वैक्सीनेशन जैसे स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

इसके लिए आरोग्य मंदिरों में नियमित हेल्थ सेशन आयोजित किए जाएंगे, जहां डॉक्टर्स और ट्रेंड स्टाफ महिलाओं एवं छात्राओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि छात्राओं को यह वैक्सीन लगाने से पहले उनके अभिभावकों से अनुमति ली जाए और उन्हें इसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद सरकार छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने जा रही है तथा इस दौरान अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। सर्वाइकल कैंसर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह महिलाओं में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है, लेकिन सही जागरूकता और समय पर वैक्सीनेशन के माध्यम से इसे काफी हद तक रोका जा सकता है, इसलिए एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति अवेयरनेस बढ़ाना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। यह वैक्सीन बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और आत्मविश्वासी बेटी ही मजबूत समाज की पहचान होती है। जब हमारी बेटियां बिना डर, बिना झिझक और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी, तभी दिल्ली वास्तव में विकसित और सशक्त बनेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दिल्ली मेंस्ट्रुअल हेल्थ अवेयरनेस और वीमेन डिग्निटी के क्षेत्र में पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरेगी।

इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद ने कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि गरिमा, जागरूकता और आत्मविश्वास से जुड़ा विषय है। शिक्षा विभाग का यह कर्तव्य है कि वह इस अब तक कम चर्चा किए गए विषय पर स्कूलों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए। स्वतंत्रता दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी लाल किला से इस विषय को उठाया था और प्रधानमंत्री जी इस मसले को लेकर बेहद जागरूक हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूलों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

राज्यों को प्रक्रियाएं सरल बनाकर किसान-केंद्रित शासन पर ध्यान देना चाहिए : शिवराज चौहान

नई दिल्ली (एजेंसी)

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यों से अनावश्यक प्रक्रियागत जटिलताओं को समाप्त करने और किसान-केंद्रित शासन व्यवस्था को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन का प्रभाव केवल फाइलों में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में दिखाई देना चाहिए। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, अग्रिम अनुमानों के मुताबिक भारत का कुल खाद्यान्न उत्पादन लगभग 376.563 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है।

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-खरीफ अभियान 2026 के दूसरे दिन संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि भारत चावल उत्पादन में विश्व का अग्रणी देश बन चुका है। इसके साथ ही गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन उत्पादन में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि नियम और प्रक्रियाएं किसानों की सुविधा के लिए होती हैं, किसान नियमों के लिए नहीं होते। इसलिए सभी राज्यों को ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करनी चाहिए जो किसानों के लिए सरल, प्रभावी और लाभकारी हों। सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों के साथ भारतीय कृषि के समग्र विकास पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने राज्यों से समयबद्ध, परिणामोन्मुखी और किसान-केंद्रित कार्ययोजनाओं को लागू करने का आग्रह किया तथा कृषि मंत्रियों से व्यक्तिगत रूप से पहल का नेतृत्व कर ठोस परिणाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्यों के कृषि मंत्रियों की सक्रिय भागीदारी ने इस सम्मेलन को कृषि विकास के लिए एक मजबूत 'टीम इंडिया' मंच में बदल दिया है। चौहान ने जोर देकर कहा कि भारत को खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करने, किसानों की आय बढ़ाने, खेती को अधिक लाभकारी बनाने तथा पोषण सुरक्षा को समान महत्व देने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से दलहन मिशन, तिलहन मिशन, कपास मिशन और अन्य प्रमुख कृषि अभियानों की नियमित समीक्षा करने का आग्रह किया। साथ ही वैज्ञानिकों से किसानों की जरूरतों के अनुरूप तेज, व्यावहारिक और मांग-आधारित अनुसंधान करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से अरहर, सोयाबीन और तिलहन फसलों के लिए कम अवधि में तैयार होने वाली तथा अधिक उपयुक्त किस्मों के विकास पर जोर दिया। चौहान ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड

सिद्दारमैया के इस्तीफे पर भाजपा का तंज, कहा- कांग्रेस हाईकमान को बताना चाहिए कारण

नई दिल्ली (एजेंसी)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के गुरुवार को इस्तीफे ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने बात करते हुए कहा, 'सिद्दारमैया गलत राजनीति कर रहे हैं। वह कर्नाटक में कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। अगर वह नहीं रहे तो कर्नाटक में कांग्रेस क्या करेगी?

कांग्रेस क्या फैसला लेगी, यह तो तय है, लेकिन भाजपा जल्द ही वहां सत्ता में आएगी।' भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव से बात करते हुए कहा, 'पिछले डेढ़ साल से संघर्ष चल रहा है। सीएम और डिप्टी सीएम के समर्थक आपस में ही भिड़ रहे है, कांग्रेस के राज में विकास नहीं चाहिए, बल्कि कौन सत्ता में रहेगा, इस पर जोर दिया जाता है। कर्नाटक में कुछ भी सही नहीं चल रहा है, यह हम लोगों ने सीएम के इस्तीफे के समय ही देख लिया था। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि कांग्रेस के अलाकमान को स्पष्ट करना होगा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को पद से क्यों हटाया। कर्नाटक में जिस तरह का हाल देखने को मिल रहा है, वह जनता के लिए सही नहीं है। कर्नाटक में विकास नहीं हो रहा है, वहां सीएम की कुर्सी के लिए लड़ाई चल रही है। इस इस्तीफे ने भाजपा और कांग्रेस के बीच एक तीखी राजनीतिक खींचतान को जन्म दिया है। जिसमें नेता नेतृत्व परिवर्तन और इसके समय को लेकर एक-दूसरे पर तीखी टिप्पणियां कर रहे हैं। सिद्दारमैया का इस्तीफा कर्नाटक में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है, जो राज्य कांग्रेस इकाई के भीतर संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर हफ्तों से चल रही अटकलों के बाद आया है। वहीं, हाल के दिनों में कांग्रेस के सबसे बड़े जन नेता माने जाने वाले सिद्दारमैया ने गुरुवार को बेंगलुरु के लोक भवन में राज्यपाल के सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कैबिनेट मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे, जिसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। इस घटनाक्रम के साथ ही हफ्तों से चल रही राजनीतिक अनिश्चितता और सत्ताधारी पार्टी के भीतर की आंतरिक चर्चाओं का भी अंत हो गया।

JAGAN LAMPS LIMITED

CIN: L31501HR1993PLC033993
Office Address : Narela Piao Manihari Road, Kundli, Sonipat, Haryana, 131028.
Mob. No. : +91 88148-05077; E-Mail ID: ashish.a@jaganlamps.com
Web: www.jaganlamps.com

EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 31.03.2026

(Rs. In Lakhs)

S.No.	Particulars	Quarter Ended 31.03.2026 (Audited)	Nine Month Ended 31.12.2025 (Un-Audited)	Quarter Ended 31.03.2025 (Un-Audited)
1	Total Income From Operations	880.04	1,343.32	1,247.44
2	Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	78.16	61.66	151.11
3	Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	78.16	61.66	151.11
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	56.6	55.56	120
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (After Tax) and Other Comprehensive Income (After Tax)]	0.68	-	15.81
6	Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each)	10	10	10
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for Continuing and Discontinued Operations)			
	1. Basic	0.78	0.76	1.64
	2. Diluted	0.78	0.76	1.64

Note :
1. The above results duly reviewed by the Audit Committee have been approved by the board at its meeting held on 30.05.2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the quarter year ended on 31.03.2026 filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial results for the quarter ended on 31.03.2026 are available on the Company websites www.jaganlamps.com and stock exchange website www.bseindia.com.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standards ('Ind AS') notified under Section 133 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended till date. Such transition has been carried out from the erstwhile Accounting Standards notified under the Act, read with relevant rules issued thereunder.

Date : 30.05.2026
Place : Place: Kundli (Haryana)

For & On Behalf of the Board of Directors
Sd/-
Ashish Aggarwal
Managing Director
DIN: 01837337

मल्टीपर्पज ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड

(CIN:- L70101DL2002PLC115544)
पंजीकृत कार्यालयः बी–1, कालिंदी कॉलोनी, नई दिल्ली–110065
फोन/फैक्सः 011–26316162, 011–26919899
वेबसाइटः www.multipurposetrading.in, ई–मेलः info@multipurposetrading.in

31.03.2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों का सारांश

[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 47(1)(बी) के देखें]

('लाखों में')

क्र. सं.	विवरण	31/03/2026 को समाप्त तिमाही	वर्ष–दर–तारीख आँकड़े 01/04/2025 से 31/03/2026 तक	पिछले वर्ष की संबंधित 3 माह की अवधि 31/03/2025
1.	परिचालन से कुल आय	8.22	37.39	9.02
2.	कर पूर्व की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चात#)	4.10	(45.53)	3.63
3.	कर पूर्व की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चात#)	4.10	(45.53)	3.63
4.	कर पश्चात की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चात#)	4.10	(46.78)	5.21
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर पश्चात अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)]	4.10	(46.78)	5.21
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	495.00	495.00	495.00
7.	पिछले वर्ष की अंकेक्षित तुलनपत्र में दिखाए गए अनुसार रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	(29.76)	(29.76)	17.02
8.	प्रति शेयर आय (जारी और बंद परिचालन के लिए)– 1. मूलः 2. डाइल्यूटेडः	0.08 0.08	(0.95) (0.95)	0.11 0.11

टिप्पणियाँः–

a.) उपर्युक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और 30/05/2026 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इन्हें अनुमोदित किया गया है।

b.) उपर्युक्त, सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास जमा किए गए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(ओं) की वेबसाइटों पर और कंपनी की वेबसाइट, यानी **https://www.multipurposetrading.in** पर उपलब्ध है।

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 30/05/2026

कृते
मल्टीपर्पज ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड
हस्ता /–
जितेंद्र चौरसिया
कंपनी सेक्रेटरी
मेंबरशिप नंबर 38785

दिल्ली के मंडावली क्षेत्र से वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार,

नई दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली के पूर्वी जिले की मंडावली थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो दोपहिया गाड़ियां बरामद की गई हैं। आरोपी पहले भी चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुका है। उसकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी के दो मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, पूर्वी जिले में वाहन चोरी, स्नैचिंग और स्ट्रीट क्राइम पर लगाम लगाने के लिए एसीपी मयूर विहार की निगरानी और थाना प्रभारी मंडावली के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम में हेड कांस्टेबल ओमवीर, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, दीपक, प्रदीप, रामकेश और विजेंदर शामिल थे। पुलिस टीम लगातार इलाके में गश्त, निगरानी, स्थानीय सूचना जुटाने और तकनीकी विश्लेषण के जरिए सक्रिय अपराधियों की पहचान करने में लगी हुई थी। 27 मई को पुलिस को सूचना मिली कि मंडावली इलाके में एक वाहन चोर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया और तकनीकी निगरानी के साथ सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण शुरू किया। लगातार निगरानी और कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ए–115, सेक्टर–136, महर्षि नगर, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश, भारत, 201304
सीआईएनः L51109UP1972PLC003544, वेबसाइटः www.alpsindustries.com
दूरभाषः +91–9871692058, ईमेलः ajaygupta@alpsindustries.com, investorgrievance@alpsindustries.com

31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए एकल और समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही	समाप्त तिमाही	चालू वर्ष में समाप्त हुए पिछले 3 महीने	चालू वर्ष में समाप्त हुए पिछले 3 महीने	पिछले वर्ष समाप्त हुए इसी 3 महीने	पिछले वर्ष समाप्त हुए इसी 3 महीने	चालू वर्ष की अब तक की समाप्ति के आँकड़े	चालू वर्ष की अब तक की समाप्ति के आँकड़े	पिछले साल के अब तक के आंकड़े	पिछले साल के अब तक के आंकड़े
		31.03.2026	31.03.2026	31.12.2025	31.12.2025	31.03.2025	31.03.2025	31.03.2026	31.03.2026	31.03.2025	31.03.2025
		स्टैंडअलोन	समेकित	स्टैंडअलोन	समेकित	स्टैंडअलोन	समेकित	स्टैंडअलोन	समेकित	स्टैंडअलोन	समेकित
		अंकेक्षित (नोट संख्या 2 देखें)	अंकेक्षित (नोट संख्या 2 देखें)	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित (नोट संख्या 2 देखें)	अंकेक्षित (नोट संख्या 2 देखें)	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	ऑपरेशन्स से कुल आय	-	-	-	-	-	-	-	-		
2	इस अवधि का शुद्ध लाभ/(हानि) (टैक्स, असाधारण और/या विशेष मदों से पहले)	(201.48)	(204.05)	(1,532.98)	(1,533.41)	(1,632.12)	(1,625.78)	(5,137.54)	(5,140.71)	(6,399.04)	(6,388.52)
3	इस अवधि का टैक्स से पहले का शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशेष मदों के बाद)	(201.48)	(204.05)	6,204.17	6,203.74	(1,632.12)	(1,625.78)	2,599.61	2,596.44	(6,399.04)	(6,388.52)
4	इस अवधि का टैक्स के बाद का शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशेष मदों के बाद)	(201.48)	(204.05)	6,204.17	6,203.74	(1,632.12)	(1,625.78)	2,599.61	2,596.44	(6,399.04)	(6,388.52)
5	इस अवधि की कुल व्यापक आय [जिसमें इस अवधि का लाभ/(हानि) (टैक्स के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) शामिल हैं]	(201.48)	(204.05)	6,282.67	6,282.24	(1,632.12)	(1,625.78)	2,678.11	2,674.94	(6,399.04)	(6,388.52)
6	चुकाई गई इक्विटी शेयर पूंजी – अंकित मूल्य रु. 1/– प्रति शेयर (18–दिसंबर 2025 तक रु. 10/– प्रति शेयर)	769.13	769.13	769.13	769.13	3,911.41	3,911.41	769.13	769.13	3,911.41	3,911.41
7	रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व को छोड़कर) जैसा कि 31 मार्च, 2026 और 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष की ऑडिट की गई बैलेंस शीट में दिखाया गया है।							(1,566.19)	(1,536.17)	(93,275.01)	(93,241.37)
8	प्रति शेयर आय	वार्षिककृत नहीं	वार्षिककृत नहीं	वार्षिककृत नहीं	वार्षिककृत नहीं	वार्षिककृत नहीं	वार्षिककृत नहीं	वार्षिक	वार्षिक	वार्षिक	वार्षिक
	मूल और डाइल्यूटेडः	1.64	1.63	12.44	12.44	(4.17)	(4.16)	5.38	5.37	(16.36)	(16.33)

टिप्पणियाँः

उपरोक्त, 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत किया गया है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (BSE), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) **www.nseindia.com** तथा एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइटों **www.alpsindustries.com** पर उपलब्ध है।

दिनांकः 30 मई, 2026
स्थानः नौएडा

बोर्ड की ओर से और उनकी तरफ से
एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(निशांत शर्मा)
कार्यकारी निदेशक
DIN: 00079281